TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 16 अप्रैल

1. **भारतीय रेल परिवहन दिवस–** 16 अप्रैल, 1853 ई. को भारत की पहली रेलगाड़ी महाराष्ट्र प्रांत में बम्बई के विक्टोरिया टर्मिनश से ठाणे के बीच लगभग 34 किमी. चलाई गई थी। यह सफर तय करने में 45 मिनट का समय लगा था। इस पैसेंजर ट्रेन की 14 बोगियों में 400 यात्रियों ने सवारी की थी। यह ब्रिटिश गर्वनर जनरल लार्ड डलहौजी के शासन काल में चलाई गई थी। इसी कारण से इस दिवस को भारतीय रेल परिवहन दिवस के रूप में मनाया जाता है।
   - **संदर्भः हमारी दुनिया पाठ 4, रेल परिवहन**
2. **विश्व आवाज दिवस–** 'आपकी आवाज ही पहचान है'। जी हाँ! आज विश्व आवाज दिवस है। यह प्रतिवर्ष 16 अप्रैल को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 1999 में ब्राजील से हुई थी। बाद में इसे वैश्विक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया।
   - **संदर्भः विज्ञान भाग 3, अध्याय 18,** पृष्ठ 247
3. **चार्ली चैपलिन का जन्म–** अंग्रेजी हास्य अभिनेता कलाकार और फिल्म निर्देशक सर चार्ल्स स्पेन्सर चैपलिन को कौन नहीं जानता? उनका जन्म 16 अप्रैल, 1889 ई. को लंदन में हुआ था। चार्ली चैपलिन ट्रम्प कर चलने का अभिनय करते थे, जिसके लिये वे प्रसिद्ध हुए। बचपन से ही वे डांस करने लगे थे। महज 10 साल की उम्र में पिता की मृत्यु के बाद गरीबी से पढ़ाई छोड़ने वाले चैपलिन 26 साल की उम्र तक सुपरस्टार बन चुके थे। उनकी प्रसिद्ध फिल्में– द किड, दी पिल्ग्रिम, अ वुमन इन पेरिस, दी गोल्ड रश, और सर्कस आज भी मुरझाये होठों पर मुस्कान ला देती है।
   - **क्या करें?** बच्चों को चैपलिन की कॉमेडी फिल्में दिखायें।
4. **कुंडुकरी वीरशेलिंगम का जन्म–** कुंडुकरी वीरशेलिंगम तेलुगु साहित्य के आधुनिक काल के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं समाज सुधारक थे। उन्हें 'गद्य ब्रह्मा' के नाम से ख्याति मिली। कुंडुकरी वीरशेलिंगम का जन्म 16 अप्रैल, 1848 को आन्ध्रप्रदेश के राजमुन्दरी में हुआ था। वे जाति–पाति के कट्टर विरोधी थे। इन्होंने आधुनिक तेलुगु गद्य साहित्य के प्रवर्तक, प्रथम उपन्यासकार, प्रथम नाटककार के रूप में ख्याति अर्जित की।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान, भाग 3, अध्याय 8,** पृष्ठ 119
5. **अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं कृषि संगठन की स्थापना–** 16 अप्रैल, 1945 ई. को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं कृषि संगठन की स्थापना की गई। इसका मुख्यालय रोम (इटली) में है। इसका कार्य विश्व में कृषि एवं पोषण स्तर में सुधार लाकर जीवन स्तर को बढ़ाना है।

Tuesday

# दिवस विशेष

16 अप्रैल

मधु प्रिया

## विश्व आवाज दिवस हर साल 16 अप्रैल




विश्व आवाज दिवस हर साल 16 अप्रैल को दुनिया भर में मनाया जाता है। एक विशेष दिन के रूप में स्थापित, विश्व आवाज दिवस जागरूकता पैदा करने, पहचानने और सबसे महत्वपूर्ण और साथ ही अक्सर भगवान के उपहार - 'मानव आवाज' को अनदेखा करने के लिए मनाया जाता है। कई लोग धूम्रपान, चिल्लाने, शराब पीने या खराब बोलने की तकनीक में शामिल होकर अपनी आवाज का दुरुपयोग करते हैं। इसके अलावा, लोग अक्सर महत्वपूर्ण निवारक उपचार को नजरअंदाज कर देते हैं, भले ही उन्हें आवाज से संबंधित कोई समस्या हो। इसलिए, इस महत्वपूर्ण मुद्दे को हल करने के लिए, यह अभियान शुरू किया गया था। इस वर्ष के विश्व आवाज दिवस की थीम "एक दुनिया, कई आवाजें" है।विश्व आवाज दिवस की शुरुआत 1999 में ब्राजील के राष्ट्रीय आवाज दिवस के रूप में हुई। यह भाषण-भाषा विकृतिविदों, गायन शिक्षकों और चिकित्सा चिकित्सकों के लिए एक रैली का कारण बन गया, जो ब्राज़ीलियन सोसाइटी ऑफ़ लेरिंजोलॉजी एंड वॉइस का एक हिस्सा थे।यह दिन जल्द ही अर्जेंटीना और पुर्तगाल में फैलने लगा और इसे अंतर्राष्ट्रीय आवाज दिवस मनाया जाने लगा। 2002 तक, अमेरिकन एकेडमी ऑफओटोलरीन्गोलॉजी-हेड एंड नेक सर्जरी ने आधिकारिक तौर पर इस उत्सव को मान्यता दी, जिसने इसे विश्व आवाज दिवस का खिताब दिया।

# पुण्यतिथि विशेष 16 अप्रैल

राकेश कुमार




की पुण्यतिथि पर

शत-शत नमन

**नंदलाल बोस या नंदलाल बसु** *Nandalal Bose*, जन्म: 3 दिसम्बर, 1882; मृत्यु: 16 अप्रैल, 1966) भारत के एक प्रसिद्ध चित्रकार थे। नंदलाल बोस ने संविधान की मूल प्रति का डिजाइन बनाया था। इनके प्रसिद्ध चित्रों में है--'डांडी मार्च', 'संथाली कन्या', 'सती का देह त्याग' इत्यादि है। नंदलाल बोस ने चित्रकारों और कला अध्यापन के अतिरिक्त इन्होंने तीन पुस्तिकाएँ भी लिखीं-रूपावली, शिल्पकला और शिल्प चर्चा। ये अवनीन्द्रनाथ ठाकुर के प्रख्यात शिष्य थे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 16.04.2024

## विश्लेषणात्मक अनुसंधान

विश्लेषणात्मक अनुसंधान एक व्यवस्थित और संगठित जांच या अध्ययन है जो जटिल घटनाओं को उनके घटकों और संबंधों की जांच करके समझने, समझाने और विच्छेदित करने का प्रयास करता है। इसमें सार्थक निष्कर्ष निकालने, पैटर्न की पहचान करने और अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए डेटा, तथ्यों या जानकारी का गंभीर रूप से विश्लेषण करना शामिल है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



हाल ही में एक पोस्ट के जरिए **आनंद महिंद्रा** ने ट्रक ड्राइवर और ब्लॉगर **राजेश रवानी** को अपना **Monday Motivation** बताया है। राजेश के **यूट्यूब** पर करीब **1.5 मिलियन सब्सक्राइबर** है।

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## ओलम्पिक खेलों पर जरूरी जानकारी Part-3

जिन शहरों में दो बार ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया है वे हैं **एथेंस (1896 और 2004), पेरिस (1900 और 1924) और लॉस एंजिल्स** (1932 **और 1984)**

जिस शहर मे तीन बार ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल आयोजित किए गए हैं वह है लंदन **(1908, 1948 and 2012)**

ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की अधिकतम बार मेजबानी संयुक्त राज्य अमेरिका ने की है - **लॉस एंजिल्स (1932 और 1984), सेंट लुइस (1904) और अटलांटा (1996)**

एक ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए, खेल को व्यापक रूप से कम से कम **75 देशों और चार महाद्वीपों** में पुरुषों द्वारा, और कम से कम **40 देशों और तीन महाद्वीपों** में महिलाओं द्वारा खेला जाना चाहिए ।

16 अप्रैल



भारतीय रेल, विश्व का विशालतम परिवहन तंत्र और भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है।

## भारतीय रेल परिवहन दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया




/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
नालंदा निवासी, प्रथम पसमांदा आंदोलन के
जनक और स्वतंत्रता सेनानी
मौलाना अली हुसैन "आसिम बिहारी"
की जयंती पर सादर नमन।
मधु प्रिया
जन्म- 15 अप्रैल 1890 - मृत्यु- 6 दिसंबर 1953
/teachersofbihar



भारतीय संविधान की मूल प्रति को अपनी चित्रों से सजाने वाले

'पद्मविभूषण' से सम्मानित

# नन्द लाल बोस

के पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

जन्म- 3 दिसम्बर 1882 - मृत्यु- 16 अप्रैल 1966

मधु प्रिया

www.teachersofbihar.org

16 अप्रैल 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जो व्यक्ति महान बनना चाहता है उसे

अच्छे कामों से प्रेम करना चाहिए।

**प्लेटो**



राकेश कुमार